## खास-खबर

### उरूज द क्रिएशन बाय वूमेन कला प्रदर्शनी आज

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दुनिया में महिलाओ की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिये समर्पित है। महिला दिवस या फेमिनिज्म वीमेन एम्पोवेर्मेंट की लिये नहीं है बल्कि यह महिलाओं के प्रति लोगो की सोच को बदलने के सन्दर्भ में है। इसी तारतम्यमें भोपाल के 04 कलाकारों सुश्री भावना चौधरी चंद्रा, शुभम राज सरल, देवेंद्र शाक्य एवं हर्ष यादव द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के सहयोग से एक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी करोना महामारी के इस दौर में एक ऐसा प्रयास है जो भोपाल के वरिष्ठ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 12 महिला चित्रकार एवं सेरेमिक आर्टिस्ट जिसमें 7 चित्रकार और 5 सेरेमिक आर्टिस्ट हैं. इस कला प्रदर्शनी का नाम उरूज द क्रिएशन बाय वूमेन रखा गया है जिसका अर्थ महिलाओं द्वारा रची ऊंचाइयों और सफलता से है।

### सकल पंच सिलावट समाज एकता संगठन की बैठक संपन्न



**भोपाल।** सकल पंच सिलावट समाज एकता संगठन समिति द्वारा आज शिव मंदिर प्रागंण जहॉगीराबाद में एक समाज हित हेतु बैठक रखी गई जिसमें होली मिलन समारोह आयोजन, समाज के युवक-युवतियों के लिए विवाह सम्मेलन कोरोना योद्धओं का सम्मान समाज के दसबीं और बारहवीं के उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को पुरूस्कृत करना तथा अन्य सामाजिक हित के कार्यों पर चर्चा की गई। समाज के अध्यक्ष हरीश चन्द्र पटेल वरिष्ठ समाज सेवक गणेश राय, भोलाराम मिस्त्री, नर्मदा प्रसाद, प्रभुदयाल, पंकज, फूलसिंह देवेन्द्र, जगदीश, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद आसैया, मनीष ,महेन्द्र, अजय तथा यशवंत ने उपास्थति दर्ज कराई।

### मॉल की दुकान पर चोरों का धावा शटर तिरछा कर उड़ाया माल

**भोपाल।** राजधानी के मिसरोद थाना इलाके के होशगाबाद रोड स्थित सी-21 मॉल की एक दुकान पर बैखौफ बदमाशो ने धावा बोलते हुए हजारों की नगदी सहित सामान समेटकर चंपत हो गए। बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस मॉल में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला रही है। मिसरोद पुलिस ने बताया कि किराना कारोबारी शेखर खंडेलवाल की सी-21 मॉल के ग्राउंड फ्लोर पर खंडेलवाल ड्राय फ्रूट्स नाम से दुकान है। शेखर खंडेलवाल ने पुलिस को बताया कि बीती रात वो दुकान में ताला डालकर घर चले गए थे। अगली सुबह जब वे वापस दुकान खोलने पहुंचे तो उन्हे शटर का एक ताला टूटा हुआ ओर शटर तिरछा नजर आया। उन्होन इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस जांच शुरू कर दी। फरियादी ने पुलिस को बताया कि दुकान मे घुसे बदमाश काउंटर में रखी 14 हजार की नगदी और हजारों रुपए कीमत का किराने का सामान लेकर फरार हो गये। चोरी गए सामान की कीमत सामान की सही कीमत बाद मे पता चलेगी। थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी सुरागशी के प्रयास शुरु कर दिये है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से हुई थी सात साल के मासूम की मौत

**भोपाल।** राजधानी के रातीबड़ थाना इलाके में सात साल के मासूम की संदिग्ध हालत में मौत के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले मे पुलिस जॉच मे सामने आया कि छात्र की मौत ट्रैक्टर की टक्कर से हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने फरार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है रातीबढ पुलिस ने बताया कि मंडला जिले निवासी राधे मरावी के सात साल के बेटे अभिषेक का शव दो दिन पहले सड़क पर सदिंग्ध हालत मे पडा मिला था। उसके शरीर पर चोट के निशान तो थे, लेकिन मौत की असली वजह सामने नहीं आ सकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्क कायम कर जांच शुरू की। पुलिस जांच मे पता चला कि अभिषेक रास्ते में खेल रहा था, इसी दौरान वहॉ से ट्रैक्टर लेकर निकल रहे शाकिर नामक चालक ने अभिषेक को अपनी चपेट मे ले लिया था। हादसे मे मासूम के सिर में गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई थी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने जॉच के आधार पर ट्रैक्टर चालक शाकिर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### भूरी बाई का सम्मान




**भोपाल।** महिला दिवस के उपलक्ष में सारथी शिक्षा एवं जन कल्याण समिति द्वारा पदमश्री अवार्ड से सम्मानित भूरी बाई का सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष लता सोलंकी एवं सदस्य रचना मोना रूबी शर्मा शामिल रही। सभी ने भूरी बाई के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सारंग ने चार वार्डों में लगाई झाड़ू

भोपाल(काप्र)।

**चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में भोपाल को नंबर-1 बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान के चौथे दिन रविवार को नरेला विधानसभा के वार्ड 59, 71, 41 और 77 में कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान में भाग लिया।**



इस दौरान श्री सारंग ने खुद झाड़ू से सड़क किनारे का कचरा हटाया। श्री सारंग ने कहा कि भोपाल, मध्यप्रदेश और भारत को स्वच्छ और स्वस्थ्य बनाने का हमारा लक्ष्य है। इसलिए नरेला विधानसभा के सभी क्षेत्रों में हमारे कार्यकर्ताओं ने नगर निगम अमले के साथ मिलकर विशेष सफाई अभियान शुरू किया है । उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य भोपाल को स्वच्छता में नंबर-1 बनाना और जनता को स्वच्छता के लिए जागरूक करना है। श्री सारंग ने कहा कि स्वच्छ भारत का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना हमें पूरा करना है और इसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

श्री सारंग ने रविवार को वार्ड 36 के चांदवड, वार्ड 70 के गुरु नानकपुरा, वार्ड 44 के आचार्य नरेन्द्र देव नगर और अम्बेडकर नगर, वार्ड 39 रोशनबाग, करोंद के संजीव नगर, बडबाई, राजवंश कॉलोनी, रासलाखेड़ी और वार्ड 38 के शंकर मंदिर के पास सीसी रोड, नालियों और डामरीकरण के कार्यों का भूमि-पूजन किया। श्री सारंग ने भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि नरेला के समग्र के विकास के लिए वे कोई कसर नहीं छोडेंगे। उन्होंने नरेला के समग्र विकास के लिए विभिन्न निर्माण एजेंसियों के माध्यम से पूरी कार्य योजना तैयार करा ली है। उसी योजना के तहत चरण बद्ध तरीके से क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। श्री सारंग ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी और जल निकास की क्षेत्र में बहुत कार्य हुए हैं। पार्कों का उन्नयन, व्यायाम शालाएं, सामुदायिक भवनों और खेल मैदानों का भी विकास किया गया है। उन्होंने कहा कि भोपाल के नरेला क्षेत्र में ही थीम आधारित पार्कों का निर्माण करवाया गया है। उनमें नर्मदा पार्क और स्वामी विवेकानंद पार्क प्रमुख हैं। श्री सारंग ने कहा कि बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए क्षेत्र में फ्लाई ओवर्स का निर्माण कराया जा रहा है। दो फ्लाई ओवर्स पर यातायात शुरू हो चुका है। सुभाषनगर फ्लाई ओवर भी बनकर तैयार है। जल्दी ही उसका लोकार्पण होगा और यातायात शुरू हो जायेगा। देवकी नगर करोंद में फ्लाई ओवर का भूमि-पूजन हो चुका है जल्दी ही बनकर तैयार होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित थे।

## तीन माह में करें लंबित पट्टों का वितरणः भूपेन्द्र

भोपाल(काप्र)।

**नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने निर्देश दिये हैं कि नगरीय क्षेत्रों में पट्टा वितरण के लिए शेष पात्र 20 हजार 35 हितग्राहियों को आगामी 3 माह में पट्टा वितरण करना सुनिश्चित करें।**

उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत आवासों का लाभ कुछ पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्राप्त नहीं होने के कारण नहीं मिल पा रहा है। सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि जिन शासकीय भूमि पर नोईयत की समस्या के कारण पट्टा आवंटन में कठिनाई है, वहाँ सक्षम प्राधिकारी द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता एवं अधिनियम 1984 के प्रावधानों के अनुसार विधिमान्य प्रक्रिया से नोईयत परिवर्तन की कार्यवाही की जाये।

**कलेक्टर से लें अनुमोदनः** प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीतेश व्यास ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पट्टा स्वीकृति एवं वितरण के लिए जरूरी अनुमोदन कलेक्टर से प्राप्त कर कार्यवाही जल्द करें। उन्होंने प्रतिमाह पट्टा आवंटन की प्रगति की जानकारी भेजने के निर्देश भी दिये हैं।

### अब स्कूली छात्रों के पास 24 घंटे मौजूद रहेगा डॉक्टर

शाला सुरक्षा अंतर्गत बनाया गया एप सरकारी स्कूलों में आपातकालीन स्थिति में छात्रों की सुरक्षा के लिए मदद करेगा। एक तरह से यह छोटा डॉक्टर की भूमिका के रूप में उनके पास मौजूद रहेगा। आपदा के दौरान जीवन बचाने में मददगार बन सकेगा। नेशनल डिजॉस्टर मैनेजमेंट ॲथारिटी, इंडियन रेडक्रास सोसायटी और स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से इसे तैयार किया गया है। इसे स्कूलों के हर छात्र और शिक्षक तक पहुंचाने की तैयारी स्कूल शिक्षा विभाग कर रहा है।

## मानसिक तनावग्रस्त युवक ने लगाई फांसी

भोपाल(काप्र)।

**कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र ने फांसी लगा ली। मरने से पहले युवक ने कमरे का दरवाजा लगाने के बाद वहां अलमारी लगा दी थी। दरवाजे और अलमारी तोड़कर ही परिवार वाले अंदर गए। अंदर फंदे पर बेटे को झूलते देखा, तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

शाहपुरा पुलिस के अनुसार सरजन (22) पिता प्रदीप रेलवे कॉलोनी शाहपुरा में रहता था। वह कॉलेज में पढ़ता था। पुलिस को निजी अस्पताल से मौत की सूचना शनिवार देर शाम मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घर पर भी गई, लेकिन मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला। परिजनों की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण पुलिस उनसे भी पूछताछ नहीं कर पाई। सरजन के पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। हालांकि पुलिस अब तक खुदकुशी के कारणों का पता नहीं लगा पाई है। परिजनों ने बताया, शनिवार दोपहर सरजन कमरे में था। काफी देर तब आवाज नहीं आने पर उन्होंने दरवाजे को खोलना चाहा, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे, तो वह फंदे पर मिला। उसे पास के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसने फांसी लगाने के पहले अलमारी दरवाजे पर लगा दी थी। पुलिस के अनुसार सरजन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह अधिकांश समय अकेला ही रहता था। वह न तो किसी से ज्यादा बात करता था और न ही किसी के साथ घुलता-मिलता था। उसका इलाज भी चल रहा था। हालांकि उसके मानसिक तनाव में आने के कारणों के बारे में भी परिजन ज्यादा जानकारी नहीं दे सके। जानकारी के अनुसार खुदकुशी के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस सरजन का इलाज करने वाले डॉक्टर से भी बात करेंगी, ताकि उसकी मानसिक स्थिति के कारणों का पता लगाया जा सके।

## आदमपुर खंती में निगम-इलेवन और मीडिया- इलेवन ने खेला मैच, निगम एक रन से जीता, कलेक्टर ने की कमेंट्री

भोपाल(काप्र)।

**आदमपुर खंती में 6 महीने पहले खेल मैदान पर कूड़े का ढेर लगा रहता था। इसे साफ कर अब साइंटिफिक लैंडफिल साइट तैयार की गई। 5 एकड़ में बनी साइंटिफिक लैंडफिल साइट पर रविवार को नगर निगम-11 और मीडिया इलेवन-11 ने मैच खेला।** मैच का उद्देश्य स्वच्छता का संदेश देने के तहत किया गया। इस मैच को नगर नगम इलेवन ने एक रन से जीत लिया। इस दौरान कुछ देर के लिए भोपाल कलेक्टर अविनाश लावनिया ने मैच की कमेंट्री की।



नगर निगम अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। 12 ओवर में मीडिया इलेवन को 142 रन बनाने का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मीडिया इलेवन की टीम अंतिम ओवर में 1 रन से हार गई। लैंडफिल साइट पर खेले जा रहे मैच को देखने के लिए भोपाल कलेक्टर अविनाश लावनिया भी पहुंचे। इस बीच मैच के दौरान भोपाल कलेक्टर ने कुछ देर के लिए मैच की कमेंट्री की।

कलेक्टर ने कहा कि लैंडफिल साइट की सफाई को लेकर निगम की टीम ने अच्छा काम किया है। वहीं, नगर निगम आयुक्त वीएस चौधरी ने बताया कि जब वह आदमपुर खंती पहली बार आए थे। यहां से जाने के बाद दो दिन तक गाड़ी से बदबू आती रही। इसके बाद संकल्प लिया कि यहां सांइटिफिक लैंडफिल साइट बनाएंगे। आज यहां किसी को बदबू नहीं आ रही है। आदमपुर छावनी में अभी रोज 1200 टन कचरे की प्रोसेसिंग हो रही है। इससे कम्पोस्ट बन रहा है। इस कचरे को पूरा साफ होने में अभी एक से डेढ़ साल का समय लगेगा। कचरे की प्रोसेसिंग से निकल रहे कचरे को यहां तैयार हो रही साइंटिफिक लैंड फिल साइट पर डाला जाएगा।

राजधानी में जाम छलकाती मिली लड़कियां

## रातीबड़ इलाके में रात दो बजे तक खुला था बार

भोपाल(काप्र)।

**रातीबड़ इलाके में एक बार फिर देर रात पार्टी, होटल और बार खुले रहने का मामला सामने आया है। लोगों ने जब पुलिस से शिकायत की, तो रात दो बजे लड़कियां जाम छलकाती मिलीं।**

हैरानी की बात तो यह है कि मुख्य सड़क और रातीबढ़ थाने के लिए जाने वाले रास्ते पर होने के बाद भी किंग यूनियन बार देर रात तक खुला रहने पर भी पुलिस की नजर नहीं गई। लोगों के जानकारी देने के बाद पुलिस ने देर रात सिर्फ 188 के तहत कार्रवाई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि वहां कुछ भी जब्त नहीं किया।

जानकारी के अनुसार नीलबड़ में किंग यूनियन नाम से बार है। देर रात रातीबढ़ पुलिस को सूचना मिली की यहां पर तय समय के बाद भी बार खुला है। पुलिस रात 1.40 बजे पहुंची तो बार खुला हुआ था। लड़के-लड़कियां शराब पीते हुए मिले। नियम अनुसार बार रात 12 बजे तक ही खुले सकते हैं। रातीबढ़ पुलिस के अनुसार बार के मैनेजर अमीन खान के खिलाफ धारा 188 के तहत कार्रवाई की गई। हालांकि पुलिस का कहना है कि यहां सिर्फ तय समय से अधिक समय तक बार खुले रहने की कार्रवाई की गई है। इससे पहले पुलिस ने देर रात शराब में नशे में नाबालिग लड़कियों को पकड़ा था। उसके बाद ही प्यारे मियां पर पुलिस शिकंजा कस सकी थी। प्यारे मियां पर नाबालिग लड़कियों से यौन शोषण समेत अन्य धाराओं में भोपाल के बाद इंदौर के भी थानों में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके अलावा भी रातीबढ़, कोलार, मिसरोद, बैरागढ़ और चूनाभट्टी में देर रात बार और होटल में लड़के-लड़कियों के शराब पीकर पार्टी करने के मामले सामने आ चुके हैं।

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने के साथ ही किया अप्राकृतिक कृत्य

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी के कोहेफिजा थाना इलाके मे शादी के कुछ दिन बाद ही नवविवाहिता पति सहित ससुराल वालो द्वारा दहेज की मॉग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित किये जाने का मामला सामने आया है।**

इतना ही नही महिला ने अपने पति पर अप्राकृतिक कृत्य किये जाने का भी आरोप लगाया है। आखिरकार परेशान होकर महिला अपने परिजनो के पास चली गई। बाद मे उसने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। पीडीता कि शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए थाना पुलिस ने बताया कि आगरा निवासी युवती की शादी नवंबर 2020 में कोहेफिजा इलाके के एक अपार्टमेंट में रहने वाले युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही नवविवाहिता को दहेज के लिए परेशान किया जाने लगा। इस दौरान पति उसे शारीरिक मानसिक प्रताड़ना भी देता था। प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने इसकी शिकायत थाना पुलिस से की थी। शिकायत करने के बाद महिला अपने मायके वापस चली गई थी। दो दिन पहले पीडीता वापस राजधानी आई और पुलिस को अपने बयान दर्ज कराए। महिला कि शिकायत की जॉच पर पुलिस ने महिला के पति व ससुराल के अन्य लोगों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ना देने का मामला दर्ज कर किया है। महिला ने पुलिस को की गई अपनी शिकायत में यह भी बताया कि पति उसके साथ अप्राकृतिक तरीके से शारीरिक संबंध बनाता था। पुलिस ने प्रकरण दर्जकर आरोपी पति को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

## पांच साल बाद धोखाधड़ी की एफआईआर

**भोपाल( काप्र )।** भोपाल के पोस्ट ऑफिस में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। चार से ज्यादा कर्मचारियों ने एक रिटायर्ड कर्मचारी के आईडी और पासवर्ड की मदद से सरकारी खजाने में सेंधमारी कर दूसरों के खातों में रुपए जमा करा दिए। मामला 2016 का बताया जाता है। खुलासा होने के बाद शनिवार देर रात बजरिया पुलिस ने चार नामजद कर्मचारियों समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में आरोपी बनाया है। अभी तक बिना लिखा-पढ़ी के 60 हजार रुपए निकाले जाने का पता चला है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बजरिया पुलिस के अनुसार आरसी जैन उप डाकघर चांदबड़ के पूर्व कर्मचारी हैं। उनके पासवर्ड और आईडी की मदद से कर्मचारी रामनाथ चर्मकार और महेश गुप्ता ने बिना लिखा-पढ़ी के ही सरकारी पैसा निकाल लिया। उन्होंने यह रुपए अश्विनी दांगी और रामनारायण दांगी के खातों में ट्रांसफर कर दिए। यह रकम 18 अगस्त से 23 अगस्त 2016 में खातों में डाली गई। विभाग द्वारा मामले की जांच की, तो सामने आया कि इस रकम का कोई लेखा-जोखा ही नहीं है। इसके बाद पुलिस ने अधीक्षक डाकघर भोपाल संभाग की शिकायत पर शनिवार देर रात रामनारायण दांगी, अश्विनी दांगी, रामनाथ चर्मकार और महेश गुप्ता समेत अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश रचने, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

**खास खबर** | देवलिया की स्मृति में हुई व्याख्यान माला......

# मीडिया के शोर में प्रेस की साख आज भी कायमः सुरेश

भोपाल(काप्र)।

**सोशल मीडिया और डिजिटल क्रांति के दौर में पत्रकारों की समाज के प्रति संवेदनशीलता और लोक दायित्व का भाव ही प्रेस की पहचान है। प्रेस ने बड़ी हद तक अपनी इस साख को बचाकर रखा है।**

तकनीक और भाषा के सहारे चलने वाला दुष्प्रचार कभी लोकदायित्व से भरी प्रेस की जगह नहीं ले सकता।इसके बावजूद पत्रकारिता की मुख्य धारा यदि आज कहीं सवालों के घेरे में है तो उसे अपनी सार्थकता बनाए रखने के लिए खुद में बदलाव लाना होगा।प्रदेश के मूर्धन्य पत्रकार स्व भुवन भूषण देवलिया की स्मृति में हुई व्याख्यान माला में पं. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के.जी. सुरेश ने प्रमुख वक्ता के रूप में ये विचार व्यक्त किए। आयोजन में वरिष्ठ पत्रकार राजेश सिरोठिया और वरिष्ठ पत्रकार अजय त्रिपाठी ने भी स्व देवलिया जी के संस्मरण सुनाए। आभार प्रदर्शन अशोक मनवानी ने किया। आयोजन में स्व देवलिया जी की धर्म पत्नी श्रीमती कीर्ति देवलिया और पुत्र आशीष देवलिया जी ने आनलाईन भागीदारी की। उनकी बेटियों सुश्री अरुणा दुबे और अपर्णा देवलिया एलिया भी आयोजन में शामिल हुईं। समिति के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर अतिथियों का अभिनंदन किया। इनमें राजेश सिरोठिया,राजीव सोनी,बृजेश राजपूत,ओपी दुबे,राजेश पाठक, राजेश टुटेजा,आलोक-शैलजा सिंघई एवं अन्य पूर्व विद्यार्थी भी शामिल हुए।

